रूस के युद्ध खेलों में भारत और चीन

भारतीय और चीनी सैनिक अगस्त 2022 के अंत में रूस में सैन्य अभ्यास में भाग लेंगे, फरवरी 2022 में **यूक्रेन पर आक्रमण** के बाद रूस द्वारा आयोजित किया जाने वाला इस तरह का पहला बड़ा युद्ध खेल (सैन्य अभ्यास) है।

- भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई जबकि चीनी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अभ्यास क्षेत्रीय परिस्थितियों से 'असंबंधित' है।

सैन्य अभ्यास:

- मेजबान रूस के नेतृत्व में इस अभ्यास में चीन के अलावा **भारत, बेलारूस, मंगोलिया, ताजिकिस्तान और अन्य देशों के सैनिक शामिल होंगे।**
- यह अभ्यास 30 अगस्त 2022 से 5 सितंबर 2022 के बीच रूस में विभिन्न सैन्य प्रतिष्ठानों में आयोजित किया जाएगा।
    - यूक्रेन पर चल रहे रूसी आक्रमण को देखते हुए इसे विश्व स्तर पर बारीकी से अवलोकन किये जाने की संभावना है।
- अभ्यास हवाई बलों, लंबी दूरी की और सैन्य परिवहन विमानों एवं अन्य देशों के सैन्य दलों को भी एक साथ लाएगा।

चीन और रूस के साथ भारत का अभ्यास:

- **चीन:**
    - **हैंड इन हैंड अभ्यास:**
        - अभ्यास का उद्देश्य अर्ध शहरी इलाकों में संयुक्त योजना और आतंकवाद विरोधी अभियानों का संचालन करना है।
- **रूस:**
    - **अभ्यास इंद्र-21:**
        - यह अभ्यास अंतर्राष्ट्रीय आतंकी समूहों के खिलाफ संयुक्त बल द्वारा **संयुक्त राष्ट्र** के जनादेश के तहत आतंकवाद विरोधी अभियानों का संचालन करेगा।
        - इंद्र/INDRA अभ्यास की शृंखला वर्ष 2003 में शुरू हुई और दोनों देशों के बीच बारी-बारी से द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास के रूप में आयोजित की गई।
            - हालाँकि पहला **संयुक्त त्रि-सेवा अभ्यास** वर्ष 2017 में आयोजित किया गया था।
    - **युद्धाभ्यास TSENTR :**
        - **TSENTR 2019** बड़े पैमाने पर युद्धाभ्यास की वार्षिक शृंखला का हिस्सा है जो **रूसी सशस्त्र बलों के वार्षिक प्रशिक्षण चक्र** का हिस्सा है।
        - यह शृंखला चार मुख्य रूसी परिचालन रणनीतिक कमानों यानी **वोस्तोक** (पूर्व), **ज़ापद** (पश्चिम) **TSENTR** (मध्य) और **कावकास** (दक्षिण) के मध्य चक्रीय रूप से परिचालित होती है।

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-china-in-russian-war-games